कार्यालय– निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा/माध्य/मा–ब/22803/SAT-19/2018–19/ दिनांकः 13.09.19

1– समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक
समग्र शिक्षा अभियान

2– समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
एवं पदेन ब्लॉक परियोजना समन्वयक
समग्र शिक्षा अभियान

विषयः– राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान–2019 के अंतर्गत 02 अक्टुबर 2019 को ब्लॉक एवं जिला स्तर पर आयोज्य शिक्षक सम्मान समारोह के संबंध में दिशा–निर्देश।

प्रसंगः –शासन का पत्रांक प.16(1)शिक्षा–2/2019 जयपुर दिनांक 09.08.19 एवं इस कार्यालय का पत्रांक शिविरा/माध्य/मा–ब/22803/SAT-19/2018–19 दिनांक 09.08.19

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र से शासन द्वारा इस वर्ष 2019 में शिक्षक सम्मान की संख्या कक्षा श्रेणी कक्षा 1 से 5, कक्षा 6 से 8 तथा कक्षा 9 से 12 प्रत्येक श्रेणी में एक–एक राज्य, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर सम्मान समारोह आयोजित किया जाना है। इस क्रम में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान–2019 दिनांक 05 सितंबर 2019 को बिड़ला ऑडिटॉयिम जयपुर में आयोजित हुआ, जिसमें राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से प्रत्येक जिले से प्रत्येक श्रेणी के एक–एक कुल 99 शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

समारोह में समस्त जिलों से तीन श्रेणियों में उच्च वरीयता वाले एक–एक शिक्षक को सम्मानित हो जाने के उपरांत इस कार्यालय के प्रासंगिक समसंख्यक पत्र दिनांक 09.08.19 के अनुरूप जिला एवं ब्लॉक स्तर पर शिक्षक सम्मान समारोह दिनांक 02 अक्टुबर 2019 को महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर आयोजित किया जाना है। उल्लेखित कक्षा श्रेणी में प्रत्येक वर्ग के जिला एवं ब्लॉक स्तर पर सम्मानित होने वाले शिक्षकों की सूची आपको भेजी जा चुकी है, जो कि शाला दर्पण के स्टॉफ कार्नर में शिक्षक सम्मान आईकॉन पर उपलब्ध है।

इस संबंध में समारोह के नॉडल अधिकारी एवं सभागीय संयुक्त निदेशक जयपुर संभाग द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह हेतु आयोजन राशि प्रति जिला एक लाख रूपये तथा प्रति ब्लॉक 10 हजार रूपये तथा जिले एवं संबंधित जिले के ब्लॉक पर सम्मानित होने वाले शिक्षकों की संख्या के अनुरूप सम्मान राशि, जिला स्तर पर 11000 रूपये प्रति शिक्षक एवं ब्लॉक स्तर पर 5100 रूपये प्रति शिक्षक, संबंधित जिले के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला परियोजना समन्वयक के खाते में भिजवाई जा रही है। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जिले के आयोजन के लिये दायित्वबद्ध होंगे तथा ब्लॉक को आयोजन राशि एवं संबंधित ब्लॉक स्तर पर सम्मानित होने वाले शिक्षकों की संख्या के अनुरूप सम्मान राशि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को सथानान्तरित करेंगे। जिन ब्लॉक में किसी भी श्रेणी में सम्मान हेतु शिक्षक चयनित नहीं हुए हैं, वहां भी ब्लॉक स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित होना है, जिसमें ब्लॉक के पांच सितारा विद्यालयों के संस्था प्रधानों को एवं उजियारी पंचायत वाले पी.ई.ई.ओ को प्रमाण पत्र दिया जावे।

उपर्युक्त राशि के समुचित व्यय उपरांत जिले क्षेत्राधिकार से उपयोगिता प्रमाण पत्र संकलित कर संभागीय संयुक्त निदेशक जयपुर संभाग को भेजे, जिससे राजस्थान राज्य पाठ्य पुस्तक मण्डल व शासन उप सचिव–प्रथम, शिक्षा (ग्रुप–2) विभाग, जयपुर को भजवाना सुनिश्चित किया जा सके।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार सूची

(नथमल डिडेल)
आई ए एस
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. शासन उप सचिव–प्रथम, शिक्षा (ग्रुप–2) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. सचिव, राजस्थान राज्य पाठ्य पुस्तक मण्डल, जयपुर।
3. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) को प्रेषि[illegible] निर्देशित किया जाता है कि वे उक्त में से ब्लॉक हेतु राशि समय पर भेजना सुनिश्चित करावें तथा जिले एवं ब्ल[illegible]मान समारोह सुनिश्चित करावें
4. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

शिक्षा विभाग समाचार राजस्थान

EMAIL: secondarydd2@gmail.com, ad.secondary.dse@ra[illegible]